THE PARLIAMENTARY DEBATES OFFICIAL REPORT IN THE HUNDRED AND EIGHTY THIRD SESSION OF THE

RAJYA SABHA

*Commencing on the 25th March, 1998/4th Chaitra, 1920 (Saka)*

# RAJYA SABHA

*Wednesday, the 25th March, 1998 /4th Chaitra, 1920 (Saka)*

The House met at sixteen minutes past twelve of the clock Mr. Chairman *in the Chair.*

*(The National Anthem was played.)*

**ANNOUNCEMENT REGARDING THE LEADER OF THE HOUSE**

MR. CHAIRMAN: I have to inform Members that the Prime Minister has nominated Shri Sikander Bakht as the Leader of the House in the Rajya Sabha.

**ANNOUNCEMENT REGARDING THE LEADER OF THE OPPOSITION**

MR. CHAIRMAN: I have to inform Members that I have recognised the Indian National Congress [Congress (I)] Party in the Rajya Sabha as the Opposition party and its leader Dr. Manmohan Singh as the Leader of the Opposition in the Rajya Sabha.

**PRESIDENT'S ADDRESS**

***Laid on the Table***

SECRETARY-GENERAL: Sir, I beg to lay on the table a copy (in English and Hindi) of the President's Address to both the Houses of Parliament assembled together on the 25th March, 1998. [Placed in Library, *See* No. LT-2/98] *[Text of the Address delivered by the President (Shri K.R. Naryanan) in English.}* Hon'ble Members,

I have great pleasure in addressing this first session of both Houses of Parliament after the 12th General Election to the Lok Sabha. I extend my warm felicitations to the members of the new Lok Sabha.

I thank the Election Commission of India for conducting the General Election with despatch and efficiency.

The just concluded mid-term election reflected the firm conviction of our people in democratic processes of change. Contrary to forecasts that the turnout would be low, in fact, nearly 62 per cent of the electorate exercised their franchise. The results are indicative of regional aspirations seeking a place in the national perspective. My Government will ensure the fulfilment of these aspirations even while looking after national interests.

Parliamentary arithmetic alone cannot provide the key to good governance. That key lies in the willingness of all to rise above notions of parliamentary majority and minority and work in a spirit of* cooperation, conciliation and consensus. My Government, imbued with this spirit, will chart a new course in governance that seeks to unify and not divide: dialogue, debate and discussion will replace the narrow antagonisms of the past.

After the mid-term election, the nation now looks forward to a Government that will get down to business. This is precisely what the Government proposes to do: The most immediate tasks include the passage of the Supplementary Demands for 1997-98 and the Vote on Account for 1998-99. Thereafter, pending matters, including legislative business, will be taken up in right earnest.

Starting now, all our efforts will be directed at building a New India—an India free from the triple-curse of insecurity, hunger and corruption; an India free from illiteracy and disease; an India where more and more people are gainfully employed; an India where every citizen, irrespective of his caste, creed or faith, feels proud to be an Indian.

Secularism is integral to India's traditions. My Government is unequivocally committed to upholding

our secular values.

My Government's top priority will be to reach out to the underprivileged and the unempowcrcd. More than one third of our people live below the poverty line. An even larger number does not have access to basic education and health care facilities. This vast multitude must be facilitated to obtain its meaningful share in national prosperity.

Government proposes to accomplish this through the three-fold strategy of ensuring food security to every household by better targeting of the Public Distribution System, accelerating generation of employment opportunities in every sector of the economy and providing shelter to the largest possible number.

One of the weaknesses of socio-economic policies so far has been the less than adequate attention to the social sector. The Government is pledged to investing larger resources in social infrastructure. The commitment to progressively step up spending on education to 6 per cent of GDP will be fulfilled. Every effort shall be made to provide basic health facilities to all. Simultaneously, potable drinking water shall be made available in every village and habitat, within a specified time frame.

Our population growth rate is a matter of grave concern. The Government will soon formulate a National Population Policy which will aim at stabilising the population growth through, among other things, incentives and disincentives.

In a civil society, children are born to be happy. Unfortunately, large numbers of children in our society arc born only to toil in factories, workshops and fields. My Government believes that children should be in schools and playgrounds and not toiling away their childhood. Apart from implementing the constitutional provision of free and compulsory primary education, Government will introduce a National Charter for Children which, among other things, will ensure that no child goes to sleep hungry. Children have rights, and these will be upheld.

Special efforts will be made to remove gender disparities and injustice that exist, especially in access to education, employment opportunities and political representation. Government will provide free education to women up to graduation so that India can become an example of a developing country overcoming the handicap of poor female literacy. By investing in education for women, my Government will be investing in the future generations of Indians.

The pending legislation seeking to reserve 33 per cent scats for women in Parliament and State Assemblies will be taken up immediately. A Development Bank, the first of its kind, will be set up for women entrepreneurs.

By syncrgising legal, executive and societal efforts, the Government will strive for rapid social, economic and political empowerment and uplift of the Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Backward Classes and Minorities. My Government will take all appropriate measures to uphold existing percentages of reservation in educational institutions at the State level. In keeping with its belief that governance must seek to unify rather than divide, Government will strive for social harmony and justice in place of social conflict and injustice.

Prosperity and economic well-being cannot be the privilege of a few; it must percolate to the last person in the last row. Hence, my Government will pursue the twin objectives of total eradication of poverty through generation of employment opportunities as well as sustaining a higher GDP growth of 7 to 8 per cent. The Central theme of my Government's national development plan will be "Bcrozgari Hatao".

Shelter is a basic human necessity. The Government will evolve policies to accelerate the construction of housing units and facilitate the participation of private sector in order to ensure that housing for all becomes a reality.

Urgent measures will be taken to substantially step up investment in the infrastructure sectors, including power, roads and bridges, railways, inland waterways, sea ports, shipping, airports, telecommunications and information technology. Government will evolve a sound framework for fiscal and monetary policies.

The Government believes that India can—and shall—be built by Indians. No country that is largely or entirely dependent on resources from abroad can truly prosper. Hence, efforts will be made to increase national saving to 30 per cent of the GDP over the next five year. Foreign Direct Investment will be encouraged in the core sector of the economy and in physical infrastructure development.

About 40 per cent of our GDP comes from the unincorporated sector, which has so far been neglected. The Government proposes to evolve an appropriate policy framework for facilitating the growth of millions of small enterprises that exist in the country. For meeting the financial requirements of this crucial sector of the economy, which has a very high potential for growth and generation of employment opportunities, Government will consider the setting up of a dedicated Development Bank.

The Government will ensure to make labour an equal partner in national reconstruction. Special care will be taken to look after the interests of agricultural labour who are largely unorganised.

Agriculture has suffered on account of declining investment. Government will halt this decline and earmark up to 60 per cent of Plan funds for this crucial segment of our economy. Subsidies will continue but they will be better targeted. Government is committed to re-establish our farmers as a strong and self-confident community enjoying the fruits of prosperity.

Apart from setting into motion plans for all- round development of rural India, my Government will also cushion farmers from unforeseen natural calamities by introducing effective crop insurance policies. All efforts will be made for rapid rural industrialisation, with special emphasis on agro-based industry.

Since maintenance of ecologicval balance is crucial for our survival, the Government will initiate institutional measures to ensure that all development programmes are in conformity with the principles of sustainable development. Government firmly believes that science and technology have a vital role to play in the achievement of sustainable development and transforming India into a prosperous, strong and self-confident nation.

On Centre-State relations, my Government will immediately act on the Sarkaria Commission's recommendations as well as seek ways and means for greater devolution of powers up to the panchayat level. The Governor's office has often been the centre of unseemly controversy. Raj Bhavans will not be used for securing political objectives.

The Government will set up a Committee to study the feasibility of treating all the 18 languages included in Schedule VIII of the Constitution as officials languages.

The Government will attend to the States' demand for higher allocation of resources. A Backward Areas Commission will be set up to identify those areas which need extra assistance so that they do not lag behind in development.

Government is committed to initiate action to carve out Uttaranchal in Uttar Pradesh, Vananchal in Bihar and Chhatisgarh in Madhya Pradesh. Delhi will be given full Statehood.

A National Water Policy which will provide for effective and prompt settlement of disputes and their time-bound implementation will be evolved.

Security of the nation and its citizens is paramount. My Government will not compromise on this. The nation's sovereignty and territorial integrity will be protected at all costs. We will not bow to any pressure on this front. My Government joins the country in saluting the bravery of the personnel of our armed forces who are ever prepared to make sacrifices for the defence of the nation.

Every citizen has the right to feel secure and be free from fear. Government will strive to combat the meance of terrorism, subversion and insurgency that has come to haunt the common man. Violence has no place in a democracy. Difference should-and can-be resolved through dialogue and discussion.

My Government re-affirms India's

commitment to peace among all nations, to the prosperity of the peoples of the world and to enhance its role in the international arena. We will strive for Asian solidarity and enhanced regional coopcratin. Renewed efforts will be made to improve bilateral relationships with neighbouring countries without any third party mediation or interference.

One of the urgent issues before the world community is the re-structuring of the United Nations and its organs in order to make it more democratic and more representative of the contemporary world. Our views on the re-structuring of the United Nations have been projected before the world community and we will pursue our objective with vigour. As a founder member of the non-aligned movement, we, along with our fellow members, share the responsibility for ensureing a fair treatment for the developing countries and we will work together to attain this goal. Economic cooperatin among developing countries is another priority of the non-aligned movement which we will seek to promote.

The Government will evolve a National Media Policy which will integrate the advances in various visual, audio and print media in order to bring about a cohensiveness of purpose, keeping in view our societal needs and cultural values.

Fifty years after Independence, the time has come to rejuvenate our institutions so that they are strong enough to meet the challenges of the future. The Government proposes to do so, as well as appoint a Commission to review the Constitution and make recommendations ' so that anomalous experiences of the past are not repeated in the future.

Earlier, I have referred to the Government's solemn commitment to providing the people of India with good governance. This can be possible only when Government rests on the foundation of morality and ethics. All around us today we find increasing cynicism towards morality in politics and ethics in governance. This has severely eroded faith in the State.

The Government proposes to make all those who hold public office accountable by enacting the Lok Pal Bill. The Official Secrets Act will be reviewed so that we can put in place a right to information law that will enable transparency and integrity in decision making without compromising national security.

One of the causes of corruption and corrosion of values in our polity, as well as criminalisation of politics, stems from flaws in the electoral process. To ensure free, fair and fearless elections and to prevent the use of money and muscle power, Government will introduce a comprehensive Electoral Rcformss Bill for which considerable ground work has already been done.

Consensus-building is an essential part of nation-building. Cooperation for the larger good of society has been the cornerstone of our civilisation. Ours is a multi-party democracy in which constructive dialogue, consultation and cooperation between the ruling and the opposition parties are essential for evolving a broad platform of national consensus.

The Government will, therefore, strive for evolving a consensus mode of governance as far as practicable. Some of the issues on which a national consensus is most urgently called for are electoral reforms; Centre-State relations; population policy; empowerment of women by legislating 33 per cent reservation for them in all elected bodies; resolution of inter-Siate water disputes; environmental protection and effective institutional guarantees for the welfare of the weaker sections of society while pursuing economic reforms.

Hon'ble Members, you have the rare privilege of contributing constructively

to this process of consensus-building on which the future of our great nation depends critically in the 21st Century and the coming millennium.

This year is significant in more ways than one. It is the Golden Jublee of our Independence. It also marks the 50th anniversary of the martyrdom of Mahatma Gandhi — one of the greatest men of this Century. We are the inheritors of the fruits of the sacrifices made by the Mahatma and other freedom fighters. We have the responsibility to live up to their dreams and ideals.

My best wishes are with you in this momentous task.

—Jai Hind—

## [TEXT OF THE PRESIDENT'S ADDRESS IN HINDI]

माननीय सदस्यगण,

मुझे लोक सभा के 12वें चुनाव के बाद संसद के दोनों सदनों को संबोधित करते हुए बहुत हर्ष है। मैं इस नई लोक सभा के सदस्यों का हार्दिक अभिनन्दन करता हूं।

मैं भारत के निर्वाचन आयोग का भी आम चुनावों को तत्परता और कुशलता से सम्पन्न कराने के लिए धन्यवाद करता हूं।

हाल ही में सम्पन्न हुए मध्यावधि चुनाव ने बदलाव की प्रजातांत्रिक प्रक्रियाओं में हमारे लोगों के दृढ़ विश्वास को प्रदर्शित किया है। ऐसा पुर्वानुमान लगाया जा रहा था कि इस बार कम मतदान होगा जबकि लगभग 62 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। चुनाव परिणाम इस बात के द्योतक है कि राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में क्षेत्रीय आकांक्षाओं को स्थान मिलना चाहिए। मेरी सुनिश्चित करेगी कि इन आकांक्षाओं की पूर्ति हो और साथ ही राष्ट्रीय हितों का भी ध्यान रखा जाए।

संसदीय गणित से ही सुशासन की समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। अपितु संसदीय बहुमत और अल्पमत के भाव से ऊपर उठकर तथा सहयोग, मेल, मिलाप और आम सहमति की भावना से कार्य करने की इच्छा से ही इसका समाधान निकल सकता है। मेरी सरकार इसी भावना को लेकर शासन में एक नया मार्ग तैयार करेगी जिसका उद्देश्य एकता लाना होगा, न कि फूट डालना अतीत के तुच्छ विरोधों के स्थान पर वार्तालाप, बहस और चर्चा का दौर शुरू किया जाएगा।

मध्यावधि चुनावों के बाद अब राष्ट्र एक ऐसी सरकार को देखना चाहता है जो वास्तव में काम करके दिखाए। सरकार ठीक यही काम करने का इरादा रखती हैः अभी जो एकदम तुंरत कार्य किए जाने है उनमें 1997-98 की पूरक मांगे और 1998-99 का लेखानुदान पारित करना शामिल है। इसके बाद तुंरत ही विधायीकार्यों सहित शेष निलंबित मामलों को लिया जाएगा।

अब आरंभ में, हम इस दिशा में सभी प्रयास करेंगे जिससे एक नए भारत का निर्माण किया जा सके—जो एक ऐसा भारत हो, जो भय, भूखा और भ्रष्टाचार के तीनों अभिशापों से मुक्त हो, एक ऐसा भारत जो जहां निरक्षरता और रोग का नामोनिशान न रहे, एक ऐसा भारत जहां अधिकाधिक लोगों को लाभप्रद रोजगार मिल सके, एक ऐसा भारत जहां प्रत्येक नागरिक, चाहे उसकी कोई जाति, नस्ल या धर्म हो, भारतीय होने का गौरव अनुभव करे।

सेक्युलरवाद भारतीय परम्पराओं का अंतरंग भाग है। मेरी सरकार देश के सेक्युलर मूल्यों को बरकरार रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्व है।

मेरी सरकार की सर्वोच्च्य प्राथमिकता उन लोगों की सहायता करना है जिनके पास सुविधाएं नहीं है और जो शक्ति सम्पन्न नहीं है। हमारे एक-तिहाई से अधिक लोग गरीबी की रेखा के नीचे जीवन निर्वाह्कर रहे हैं। इससे भी अधिक संख्या उन लोगों की है जिन्हें बुनियादी शिक्षा और स्वास्थ्य-चिकित्सा की सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। हमारे इस विशाल जनसमूह को राष्ट्र की समृद्दि में अपना सार्थक हिस्सा मिलना चाहिए?

सरकार बेहतर सार्वजनिक वितरण प्रणाली की व्यवस्था कर प्रत्येक परिवार के लिए खाद्यान्न-सुरक्षा सुनिश्चित कर, अर्थव्यवस्था के प्रत्येक क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में तेजी से वृद्दि कर तथा यथा-संभव अधिक से अधिक लोगों के लिए आवास की व्यवस्था करके इन तीन रणनीतियों के जरिए इस लक्ष्य को पूरा करना चाहती है।

अभी तक सामाजिक –आर्थिक नीतियों की एक कमजोरी यह रही है कि सामजिक क्षेत्र की तरफ बहुत कम ध्यान दिया गया है। सरकार सामाजिक बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में और अधिक धन लगाने की प्रतिज्ञा करती है। शिक्षा पर व्यय को उत्तरोत्तर सकल घरेलू उत्पाद के छः प्रतिशत तक ले जाने की प्रतिबद्वता को

पूरा किया जाएगा। सभी को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं उप्लब्ध करनाए के लिए हरे संभव प्रयास किए जाएंगे। साथ ही साथ एक निर्धारित समसावधि में प्रत्येक गांव तथा बस्ती में पीने का पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

हमारी बढ़ती जा रही जनसंख्या की दर गंभीर चिंता का विषय है। सरकार जल्द ही एक राष्ट्रीय जनसंख्या नीति तैयार करेगी, जिसका उद्देश्य होगा कि अन्य बातों के अलावा लोगों को प्रोत्साहनों तथा हतोत्साहनों के माध्यम से जनसंख्या वृद्वि को स्थिर किए जाए।

सभ्य समाज में, बच्चों का जन्म सुखमय जीवन बिताने के लिए होता है। दुर्भाग्य से हमारे समाज में अधिकांश बच्चे पैदा होने के बाद फैक्टरियों , कारखानों और खेतों में मेहनत है कि बच्चों को स्कूलों और खेल के मैदानों में जाना चाहिए, न कि वे अपना जीवन मेहनत-मजदूरी करने में बिताएं। संविधा में निःशुल्क और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा के प्रावधान को क्रियान्वित करने के अलावा सरकार बच्चों के लिए एक राष्ट्रीय अधिकार –पत्र तैयार करेगी, जिसमें अन्य बातों के अलावा यह सुनिश्चि किया जाएगा कि कोई बच्चा भूखा न सोए बच्चों के अधिकार है और इनका सम्मान किया जाएगा।

आज जो लिंग असमानता तथा अन्याय, विशेष रूप से शिक्षा रोजगार के अवसरों और राजनैतिक प्रतिनिधित्व के मामलों में दिखाई पड़ता है, उसे समाप्त करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। सरकार महिलाओं को स्नातक स्तर तक की शिक्षा निःशुल्क प्रदान करेगी ताकि महिलाओं में साक्षरता की कमी की बाध को दूर करने में भारत विकासशील देशों के लिए एक उदाहरण बन सके। मेरी सरकार महिलाओं की शिक्षा पर धन व्यय कर भारतीयों की भावी पीढियों के कल्याण के लिए धन व्यय करेगी।

संसद तथा राज्य विधान सभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत स्थानों के आरक्षण संबंधी लंबित विद्येयक की तुरन्त लिया जाएगा। महिला उद्यमियों के लिए के विकास बैंक स्थापित किया जाएगा। जो इस प्रकार का पहला बैंक होगा।

सरकार कानूनी, कार्यपालिका संबंधी एवं समाज के प्रयासों को एक साथ मिला करके अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों पिछड़े वर्गो तथा अल्पसंख्यकों के तेजी से सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक शक्ति संवर्धन तथा उत्थान का प्रयास करेगी। मेरी सरकार राज्य स्तर पर

.

शैक्षिक संस्थानों में आरक्षण के मौजूदा प्रतिशत को बनाए रखने के समुचित उपाय करेगी। अपने इस विश्वास के साथ कि शासन का उद्देश्य फूट डालने की अपेक्षा एकता में पिरोना होगा चाहिए, सरकार समाजिक टकराव और अन्याय की बजाय सामाजिक समरसता तथा न्याय का वातावरण बनाने का प्रयास करेगी।

समृद्वि एवं आर्थिक उन्नति का लाभ कुछ थोड़े से लोगों तक सीमित न रहकर अंतिम पंक्ति में बैठे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। अतः मेरी सरकार के दो उद्देश्य होंगे, एक तो रोजगार के अवसरों का सृजन करेके गरीबी को पूर्णतया समाप्त करना और दूसरे सकल घरेलू उत्पाद की 7 से 8 प्रतिशत तक की अधिक अभिवृद्वि दर को निरंतर कायम रखना। मेरी सरकार की राष्ट्रीय विकास की योजना का मूल मंत्र" बेरोजगारी हटाओं' होगा।

विद्युत, सड़को तथा पुलों रेलवे, अंतर्देशीय जलमार्गो सामुद्रिक पत्तनों, नौवहन, हवाई अड्डों, दूरसंचार तथा सूचना टेक्नालॉजी सहित मूलभूत ढांचे के क्षेत्र में पूंजी निवेश को पर्याप्त मात्रा में बढ़ाने के लिए शीघ्र कदम उठाए जाएंगे। सरकार राजकोषीय एवं मुद्रा नीतियों का एक ठोस ढांचा तैयार करेगी।

सरकार का यह विश्वास है कि भारत का निर्माण भारतीय ही कर सकते है और करेंगे। कोई भी देश जो अधिकांशतया अथवा पूर्णतया विदेशी संसाधनों पर निर्भर करता है सच्चे अर्थो में समृद्व नहीं हो सकता। अतःअगले पांच वर्षो तक राष्ट्रीय बचत को बढ़ाकर सकल घरेलू उत्पाद का 30 प्रतिशत तक करने का प्रयास किया जाएगा। प्रत्यक्ष विदेशी पूंजी निवेश को अर्थव्यवस्था के आधारभूत क्षेत्र तथा भौतिक मूलभूत ढांचे के विकास के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

हमारे सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 40 प्रतिशत भाग अनिगमित क्षेत्र से प्राप्त होता है जो अब तक उपेक्षित रहा है। सरकार का देश में विद्यमान लाखों लघु उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त नीति तैयार करने का विचार है। अर्थवयवस्था के इस अति महत्वपूर्ण क्षेत्र की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, जिसमें रोजगार के अवसरों के सृजन एवं विकास की

अपार क्षमता है, सरकार एक समर्पित विकास बैंक स्थापित करने पर विचार करेगी।

सरकार राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में श्रमिकों कि समान भागीदारी सुनिश्चित करेगी। कृषि श्रमिकों , जो कि अधिकतर असंगठित है, के हितों का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

कृषि के क्षेत्र में धन लगाने में लगातार कमी करते रहने के कारन इसे हानि उठानी पडी है। सरकारिस कमी को रोकेगी और हमारी अर्थव्यवस्था के इस महत्वपूर्ण खण्ड के लिए योजना राशि का 60 प्रतिशत तक धन निर्धारित करेगी। आर्थिक सहायता जारी रहेगी, परन्तु जिन्हें यह सहायता मिलनी चाहिए। उनके बारे में पहचान करने में लक्ष्य को बेहतर बनाया। जाएगा। सरकार हमारे किसानों को समृद्धि के लाभ प्राप्त करने के लिए उन्हें एक सशक्त तथा आत्म-विश्वासी समुदाय के रूप में पुनर्स्थापित करने के लिए प्रतिबद्व है।

ग्रामीण भारत के चंहुमुखी विकास के लिए योजनाओं को आगे बढ़ाने के अलावा मेरी सरकार कारगर फसल बीमा नीतियां शुरू करके किसानों को आकस्मिक प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में भी संरक्षण प्रदान करेगी। सभी प्रयास किए जाएंगे जिससे तेजी से ग्रामीण औद्योगिकरण किया जाए जिसमें कृषि आधारित उद्योग पर विशेष बल दिया जाएगा।

चूंकि पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखाना हमारी जिंदगी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए, सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए संस्थागत उपाय करेगी कि विकास के सभी कार्यक्रम दीर्घकालिक विकास के सिद्वांतों के अनुरूप हों। सरकार का यह द्दढ़ विश्वास है कि दीर्घकालीन विकास की सफलता और भारत को एक समृद्व, सुद्दढ़ तथा स्वाभिमानी राष्ट्र बनाने में विज्ञान और टेक्नालॉजी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

केन्द्र-राज्य संबंधों के बारे में मेरी सरकार तुंरत ही सरकारिया आयोग की सिफारिशों पर कार्रवाई करेगी और ऎसे तौर-तरीके अपनाने का प्रयास करेगी जिनसे पंचायत स्तर तक और अधिकार सौंपे जा सकें। प्रायः राज्यपाल के पद के मामले में अशोभनीय विवाद खड़े हुए है। राजभवनों का प्रयोग राजनैतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए नहीं होने दिया जाएगा।

सरकार संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी 18 भाषाओं को सरकारी भाषाओं के रूप में मानने की व्यावहारिकता के बारे में अध्ययन करने के लिए एक समिति बनाएगी।

सरकार राज्यों द्वारा संसाधनों के और अधिक आबंटन की मांग पर ध्यान देगी। एक पिछड़ा क्षेत्र आयोग बनाया जाएगा जो उन क्षेत्रों की पहचान करेगा जहां अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता है ताकि ये क्षेत्र विकास में पीछे न रह जाएं।

सरकार उत्तर प्रदेश में से उत्तरांचल, बिहार में से वनांचल और मध्य प्रदेश में से छत्तीसगढ़ राज्य बनाने के लिए कार्रवाई शुरू करने के लिए प्रतिबद्व हैं। दिल्ली को पूरे राज्य का दर्जा दिया जाएगा।

एक राष्ट्रीय जल नीति तैयार की जाएगी, जिमसें विवादों को शीघ्र और प्रभावी ढ़ंग से निपटाने और समयबद्व कार्यान्वयन का प्रावधान रहेगा।

राष्ट्र और इसके नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। मेरी सरकार इस मामले में कोई समझौता नहीं करेगी। राष्ट्र की संप्रभुता और प्रादेशिक अखण्डता की सुरक्षा हर कीमत पर की जाएगी । हम इस बारे में किसी दबाव के आगे नहीं झुकेंगे । मेरी सरकार राष्ट्र के साथ मिलकर हमारी सशस्त्र सेनाओं के कार्मियों की वीरता को नमन करती है जो देश की रक्षा हेतु बलिदान देने के लिए सदैव तत्पर रहते है।

प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित महसूस करने और भय मुक्त रहने का अधिकार है। आज आदमी पर जो आतंकवाद , तोड़-फोड़ और विद्रोहीं गातिविधियों का खतरा छाया हुआ है, सरकार उसका मुकाबला करने का प्रयास करेगी। लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है । मतभेदों का समाधान बातचीत और चर्चा से किया जा सकता है और किया जाना चाहिए।

मेरी सरकार सभी राष्ट्रों के बीच शान्ति, विश्व में सभी लोगों की समृद्वि और अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में भारत द्वारा अपनी अधिक भूमिका का निर्वाह करने के लिए प्रति अपनी प्रतिबद्वता की पुनः पुष्टि करती है। हम एशिया के देशों की एकता तथा अधिक क्षेत्रीय सहयोग के लिए प्रयास करेंगे। बिना किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता अथवा हस्तक्षेप के पडोसी देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने के लिए फिर से प्रयास किए जाएंगे।

विश्व समुदाय के समझ एक महत्वपूर्ण मुद्दा संयुक्त राष्ट्र संघ और इसके घटकों को पुनर्गठन करना है जिससे कि उन्हें और अधिक प्रजातांत्रिक बनाया जा सके तथा जो समकालीन विश्व का और भी अधिक प्रतिनिधित्व कर सकें। संयुक्त राष्ट्र संघ के पुनर्गठन के बारे में हमने अपने विचार विश्व समुदाय के सामने रख दिए हैं और हम अपने उद्देश्यों के लिए उत्साहपूर्वक जुटे रहेंगे। गुट

निरपेक्ष आंदोलन के संस्थापक-संदस्य के रूप में हम अपने सहयोगी सदस्य देशों के साथ मिलकर विकासशील देशों को उचित स्थान दिलाने की जिम्मेदारी लेंगे और इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए हम साथ मिलकर काम करेंगे। विकासशील देशों के बीच आर्थिक सहयोग गुट निरपेक्ष आंदोलन की एक अन्य प्राथमिकता है जिसे हम बढ़ावा देंगे।

सरकार एक राष्ट्रीय मीडिया नीति तैयार करेगी जो हमारी सामाजिक जरूरतों तथा सांस्कृतिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए सुसंगत उद्देश्य की प्राप्ति के लिए विभिन्न दृश्य, श्रव्य तथा प्रिंट मीडिया में हो रही प्रगति को समन्वित करेगी।

स्वतंत्रता के पचास वर्ष बाद अब समय आ गया है कि हम पुनः अपने संस्थानों को सशक्त बनाएं ताकि वे भावी चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए पर्याप्त शक्तिशाली बन सकें। सरकार ऎसा ही करने का इरादा रखती है और संविधान की समीक्षा करने एवं अपनी सिफारिशें देने के लिए एक आयोग बनाएगी ताकि भूतकाल में जो असमान्य अनुभव हुए है, भाविष्य में उन्की पुनरावृत्ति न हो।

इसे पहले मैं,भारत के लोगों को सुशासन देने की सरकार की सत्यनिष्ठ प्रतिबद्वता का उल्लेख कर चुका हूं। यह तभी सम्भव है जब सरकार नैतिकता और सदाचार की नीं व पर खडी हो। हम अपने चारों तरफ राजनीति में नैतिकता और शासन में सदाचार के प्रति निरन्तर उपेक्षा भाव को बढ़ता देख रहे हैं। इससे सरकार में लोगों का विश्वास बुरी तरह क्षत-विक्षत सरकार में लोगों का विश्वास बुरी तरह क्षत-विक्षत हुआ है।

सरकार लोकपाल विधेयक पारित कर सार्वजनिक पर पर बैठे सभी लोगों को जवाबदेह बनाना चाहती है। सरकारी गोपनीयता अधिनियम की समीक्षा की जाएगी ताकि सूचना प्राप्त करने के अधिकार संबंधी कानून को उसमें शामिल किया जा सकें। इससे राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ समझौता किए बिना निर्णय लेने में पारदर्शिता तथा सत्यनिष्ठा को बनाए रखा जा सकेगा।

भ्रष्टाचार और हमारी राजव्यवस्था में मूल्यों के ह्रास तथा राजनीति के अपराधीकरण का एक कारण चुनावी प्रक्रिया में दोषों की व्याप्ति है। स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव कराने और धन तथा बाहुबल के प्रयोग को रोकने के लिए सरकार एक व्यापक चुनाव सुधार विधेयक लाएगी, जिसके लिए पहले ही आधारभूत कार्य किया जा चुका है।

आम सहमति-निर्माण राष्ट्र-निर्माण का एक अत्यावश्यक अंग है। समाज की व्यापक भलाई के लिए सहयोग हमारी सभ्यता का आधार है। हमारा लोकतंत्र एक बहु-पार्टी जनतंत्र है जिसमें व्यापक आम राष्ट्रीय सहमति तैयार करने के लिए सत्तारूढ़ तथा विपक्षी दलों में परस्पर रचनात्मक वार्तालाप, परामर्श एवं सहयोग अत्यावश्यक है।

अतः सरकार जहां तक व्यवहार्य हो आम सहमति से शासन चलाने की पद्वति का विकास करने का प्रयास करेगी। कुछ मुद्दे जिन पर तत्काल राष्ट्रीय आम सहमति तैयार करने की आवश्यकता है, चुनावी सुधार, केन्द्र-राज्य संबंध, जनसंख्या नीति, सभी निर्वाचित निकायों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का कानून बना कर उनका शक्ति संवर्धन, अन्तराज्यीय जल विवादों का समाधान, पर्यावरण संरक्षण तथा आर्थिक सुधारों को लागू करते समय समाज के दुर्बल वर्गो के कल्याण के लिए कारगर संस्थागत गारंटियां प्रदान करना है।

माननीय सदस्यों, आपको आम सहमति की इस प्रक्रिया को तैयार करने में रचात्मक योगदान करने का एक अमूल्य विशेष अवसर प्राप्त हुआ है जिस पर 21वीं सदी और आगे आने वाली सहस्त्राब्दी में इस महान राष्ट्र के भविष्य का दारोमदार है।

यह वर्ष अनेक अर्थो में महत्वपूर्ण है। यह हमारी स्वतंत्रता का स्वर्ण जयंती वर्ष है। यह महात्मा गांधी के अमर बलिदान का भी 50वां वर्ष है – जो इस शताब्दी के मर्यादा पुरुषोत्तम थे। हम महात्मा गांधी तथा अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के अमर बलिदानों के उत्तरधिकारी है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनके स्वप्नों एवं आदर्शों को साकार करें।

इस अभूतपूर्व कार्य में मेरी शुभकामनाएं आपके साथ है।

जय हिन्द

**OBITUARY REFERENCES**

MR. CHAIRMAN: Honourable Members, I refer with profound sorrow to the passing away of Shrimati Vimal Punjab Deshmukh, Shri T.V. Kamlaswamy, former Members of the Rajya Sabha, Shri Tridib Chaudhuri, a sitting member of this House,